Mentally Retarded, regarding need for separate legislation for the metally retarded persons.

14.31 hrs.

DISCUSSION RE. FLOOD AND DROUGHT SITUATION IN THE COUNTRY

MR. CHAIRMAN: Now, we will start discussion on the flood and drought situation in the country These two discussions are being taken up simultaneously. The hon. Members may make their observations on both these subjects together.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, हमारा देश महान है और हमारे देश की जनता भी महान है। देश की महानता को देखते हुए इस की समस्याएं भी बहुत बड़ी बड़ी हैं, महान हैं। देश इतना बड़ा है कि हर साल विभिन्न तरह की समस्याएं उपस्थित होती रहती हैं। कोई साल ऐसा बाकी नहीं होता जिस साल कहीं बाढ़ की बात सुनने को न मिले। इस बार भी हमारे देश में भयंकर सत्यानाशी बाढ़ आई और कई राज्यों में भयंकर सूखे की स्थिति है। हमारे देश के बारह प्रदेश बाढ़ से ग्रसित हुए। (1) आन्ध्र प्रदेश का कुछ भाग (2), आसाम, (3) बिहार जिस में पहले चरण में उत्तर बिहार के नौ जिलो में बाढ़ आई जो जुलाई और अगस्त के महीने में आई और दूसरे चरण में सितम्बर में बाढ़ आई, वह मुख्य तौर से दक्षिण बिहार के जिलों में और कुछ उत्तर बिहार के जिलों में भी आई। (4) गुजरात, (5) हरयाना, (6) उत्तर प्रदेश का पूर्वी हिस्सा और उस पूर्वी हिस्से के अलावा आगरा और मथुरा जिले, (7) जम्मू और कश्मीर, (8) पंजाब, (9) मणिपुर, (10) राजस्थान, (11) त्रिपुरा और (12) पश्चिम बंगाल जहां 15 लाख लोग बाढ़ की विभीषिका से पीड़ित हैं।

मैं बिहार से आता हूं। बिहार की बात मैं ज्यादा जानता हूं। मैंने निवेदन किया कि जुलाई और अगस्त के महीने मे उत्तर बिहार के नौ जिलों में भयंकर बाढ़ आई जिस से बहुत भारी वहां के नागरिको को क्षति उठानी पड़ी। कई लाख लोग बाढ़ से पीड़ित रहे। उस के बाद 17 सितम्बर, को दक्षिण बिहार के 16 जिलों के 167 प्रखण्ड बाढ़ के आक्रांत हो गए। पटना जिले के सोलहो प्रखण्ड पानी में थे। जब उत्तर बिहार में बाढ़ थी तो दक्षिण बिहार में सूखा था और फसल मारी गई। पानी के अभाव में आधी फसल बोई नहीं गई और फिर दक्षिण बिहार में बाढ़ आ गई। पहले तो कम बारिस के कारण, अनावृष्टि से दक्षिण बिहार में त्राहि माम, त्राहि माम कर रहा था और उस के सेबाद 11 16 सितम्बर तक भयंकर बारिस हुई जिस के फलस्वरुप गंगा, सोन, पुनपुन, फल्गू, दुर्गावती, ओरगा, कर्मनाशा, उत्तर कोइल, बटाने, सुवर्णरेखा, दामोदर तथा कोंऊल इन 12 नदियों में भयंकर बाढ़ आ गई जिस की बजह से डेढ़ करोड़ लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए। तमाम फसलें नष्ट हो गईं। अरबों रुपये की क्षति हुई। दक्षिण बिहार में जिन दिनो में बाढ़ आई, जिन इलाकों में बाढ़ आई वहां की फसल नहीं बची, लोग पेड़ों और छप्परों पर रह कर जिन्दगी व्यतीत करने लगे। कई दिनों तक सरकारी सहायता भी नहीं पहुंची। जब वायु सेना के लोग पहुंचे दो तीन दिनों के बाद तब कुछ इलाको में जहां सहायता नहीं पहुंच पा रही थी वहां भी सहायता भेजी गई। इस तरह से बिहार में जो बाढ़ ग्रस्त जिले हैं सितम्बर की बाढ़ से जो ग्रसित हुए उन में पटना, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, नालन्दा, गया, सारन, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, मूंगेर, भागलपुर, संथाल परगना, कटिहार, पालमू और हजारीबाग जिलों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। ऐसी स्थिति को देखते हुए यह बात ठीक है कि सरकार से जो कुछ बन पड़ा, संतोषजनक तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन कुछ सहायता भेजी गई। मैंने जिक्र किया कि वायु सेना के जवानों ने

[श्री रामावतार शास्त्री]

बड़ा अच्छा काम किया। कहीं कहीं सी आर पी के लोगों ने भी बड़ा अच्छा काम किया। लोगों को बचाने की कोशिश की गई। नावों की कमी रही। जो सामग्री भेजी जा रही थी उस का आम तौर से बटवारा होता रहा। अधिकारियों ने उसका इस्तेमाल किया। लेकिन कई गलत अधिकारी भी देखने को मिले और कुछ हमारे मुखिया लोगों ने भी गोलमाल करने की कोशिश की जिस में से एक मुखिया पटना जिले के फतुहा प्रखंड में पकड़े गए और उन पर मुकदमा चल रहा है।

तो मैं कह रहा हूं कि ऐसे लोग भी दिखलाई पड़े जो जनता की मुसीबतों का फ़ायदा उठाना चाहते हैं। मेरा अन्दाज है हर सूबे में ऐसे लोग होंगे। हमारे बिहार में कई जिलों में इस तरह की बातें हुई है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जहां तक बाढ का सम्बन्ध है, बिहार में पिछले तीन सालों से हर साल बाढ आ रही है। 1974, 1975 और इस साल भी वहां पर बाढ आई। 1975 में पटना शहर जो बिहार की राजधानी है, बिहार का मुकुट है, बाढ में डूब गया था। 8–9 फ़ीट पानी पिछले साल पटना शहर में था जिसके कारण सरकारी और गैर-सरकारी करोड़ों रूपए की क्षति हुई। इस बार भी पटना के लिए खतरा था लेकिन जो नया बांद बना पटना शहर बचाने के लिए और जो बाई-पास रोड बनी—उन दोनों की वजह से और अधिकारियों की चुस्ती की वजह से पटना शहर में पानी नहीं आ सका जो कि पुनपुन नदी का बांध तीन जगह से टूट गया—सलारपुर, चिहुट और एक तीसरे गांव के पास, ये गांव मेरे क्षेत्र में पड़ते हैं। यह बांध जो टूटा उसके लिए अधिकारियों को पकड़ा जाना चाहिए। मेरी समझ से उन्होंने ध्यान नहीं दिया इसी वजह से चूहों ने बांध में बिल (होल्स) बना दिए थे और कुछ शराब चुआने वालों ने डिस्टिलरी बना रखी थी जिसको भरा नहीं गया। इसी वजह से बांध टूट गया। इसकी इंक्वायरी होनी चाहिए। गवर्नर साहब को हमने जो मेमोरंडम दिया है उसमें भी हमने मांग की है कि इन बातों की जांच होनी चाहिए। नया बांध जो बना उसमें भी कहीं कहीं गड़बड़ी थी जिस पर 17 करोड़ या उससे भी ज्यादा रुपए खर्च होने वाले हैं। तो इन तमाम बातों की जांच होनी चाहिए। तमाम अफ़सर खराब है—ऐसा मैं नहीं कहता। ज्यादातर अफ़सरों ने ठीक काम करने की कोशिश की लेकिन फ़िर भी इस तरह की बातें हो रही हैं। इसलिए वहां की स्थिति बड़ी दयनीय है। मैं विस्तार के साथ उन बातों में नहीं जाऊंगा, 16 जिलों में जहां जहां बाढ़ आई है वहां पर फ़सल नष्ट हो गई है और आगे भी बारिश नहीं हो रही है। बहुत जगह समस्या यह है कि फ़सल बोय कैसे, रबी की फ़सल कैसे बोई जाये क्योंकि जमीन कड़ी हो गई है और बिजली की कमी की वजह से ट्यूबवेल और पंपिंग सेटों से भी पानी नहीं मिल रहा है।

ऐसी स्थिति में हमें क्या करना चाहिए उसके लिए मैं माननीय मंत्री जी से दो तरह की बातें कहना चाहता हूं। एक तो इस सिलसिले में फ़ौरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि खेत मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है क्योंकि किसानों के पास काम नहीं है, उनकी फ़सल मारी गई है। इसके लिए कठिन श्रम योजना चालू की जाएं लेकिन बिहार में कठिन श्रम योजना ठीक से चालू नहीं की गई है। जो बाढ़ग्रस्त हैं उनको आप कुछ मुफ़्त में न दीजिए लेकिन कम से कम लोन तो दीजिए और जो असक्त, अपाहिज हैं जो कुछ कर नहीं सकते हैं उनको लाल कार्ड दीजिए। (व्यवधान) सरकार का कहना है कि 4 लाख मकान गिरे हैं लेकिन मेरा अन्दाजा है कि 5–7 लाख मकान गिरे हैं। घर बनाने के लिए आप 100 रुपया देते हैं। जो नेचुरल कैलेमिटी ऐक्ट है उसके अन्तर्गत आप 100 और 300 से ज्यादा नहीं दे सकते। मैं चाहता हूं आप उनको पूरा पैसा दीजिए। इसी प्रकार उनको बीज नहीं मिल रहा है, वह दीजिए। आप लोकप्रिय सहायता समितियों

का निर्माण कीजिए । ताकि अफ़सर गड़-बड़ न कर सकें । और कोई गैर-सरकारी आदमी गड़बड़ न कर सके, आपस में मिलकर बटवारा न कर लें । उसमें किसी तरह की मनमानी या पक्षपात को रोका जाये और धांधली को रोका जाये । पीने के पानी का इन्तजाम किया जाये । जानवरों को चारा नहीं मिल रहा है उसके लिए इन्जाम किया जाये । चिकित्सा का बन्दोबस्त किया जाये । इसके अलावा छठे वित्त आयोग ने जो बन्दिश लगा दी है कि साढे चार करोड़ से ज्यादा खर्चा नहीं कर सकते, इस सीमा को प्राप्त किया जाये । तीन सालों में 4 करोड़ 61 लाख देने थे, इस सीमा को भी समाप्त करना चाहिए । मालगुजारी की वसूली स्थगित करनी चाहिए । यह तो जो फ़ोरी बातें थीं वह मैं ने बताई ।

जहां तक बुनियादी बातों का सम्बन्ध है, जब तक आप पूरे देश को मिलाकर और बिहार को लेकर एक मास्टर प्लान तैयार नहीं करते तब तक आप बाढ को रोक नहीं सकेंगे । मेरा कहना है कि भारत सरकार बाढ और सिंचाई की एक राष्ट्रीय वैज्ञानिक योजना तैयार करे जिससे बाढ पर नियंत्रण किया जा सके और प्रत्येक वर्ष करोड़ों और अरबों रुपए की बरबादी और तबाही से देश को बचाया जा सके । मेरा यह भी अनुरोध है कि बिहार में केन्द्रीय सरकार अपनी देखरेख में योजना को कार्यान्वित करे ताकि व्यवस्था ठीक प्रकार से हो सके और किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो । केन्द्रीय सरकार अपनी देखरेख में करे, बिहार सरकार पर मत छोड़े ताकि हर साल बिहार को बाढ से नुकसान न पहुचें ।

पटना नगर की रक्षा के लिए पुनपुन नदी की बाढ नियंत्रण एवं सिंचाई योजना क्रियान्वित की जाये और अगले वर्ष की बरसात के पहले पूरा कर लिया जाये । इसके अलावा फ़तुहा, मुकामा, बड़दिया टाल योजना को क्रियान्वित किया जाये ।

जहां तक सुखाड़ का सम्बन्ध है, उसका प्रभाव 8 राज्यों में है जैसे केरल, कर्नाटक आदि । मेरे राज्य में भी चार जिलों— संथाल परगना, हजारीबाग, गिरिडीह और सिंहभूमि में उसका प्रभाव है ।

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI (Jamshedpur): Mr. Chairman, Sir, this year in our country, there have been floods in Assam, Bihar, Gujarat, Punjab and Haryana and droughts in Karnataka, Tamilnadu, U.P. and Andhra Pradesh and in some parts of Andhra Pradesh. Now, I will start with droughts. As per the newspaper information, the entire world has been affected by droughts this year. Now, there are 12 districts in Karnataka which have been hit by drought affecting the standing crops like paddy, sugar cane, etc. In Tamilnadu, an amount of Rs. 26.0 crores was demanded by the Karunanidhi Ministry and I do not know what amount had been sanctioned for that State and in what way the money has been spent by the Karunanidhi Government. In Tamilnadu, 20 elephants perished because they could not withstand the starvation for a long period. Due to drought and water being scarce in most rivers famine conditions prevailed and about 3.5 lakh people in Naupara in Kalahadi district were hovering between life and death. About 8.5 million people of Orissa have been affected by drought. In Andhra Pradesh, 8 or 9 districts are squarely affected by drought and crops like ground-nut, jowar etc. have totally failed. Drinking water is scarce in the districts.

Now, in Bihar, from where I come, we have faced devastating floods this year, not once but twice, once in July-August and then in September. As you know, there are 31 districts in Bihar, grouped into 7 divisions. The total area is 7.4 million hectares. There are about 800 C.D. Blocks. The net area sown is about 85 lakh hectares. Out of this 85 lakh hectares, kharif crop covered an area of [illegible]

[Sardar Swaran Singh Sokhi]

lakh hectares and rabi crop covered 32 lakh hectares. The flood was very serious and unprecedented this year. In Patna district alone, excepting the uplands of the State capital, the area affected had been 1225 sq. miles, with a population of 14.52 lakhs. 16 blocks in Bhojpur district covering area of 1196 sq. miles and a population of 13.07 lakhs have been affected. In Rohtas district, 20 blocks covering an area of 923 sq. miles and a population of 9.71 lakhs have been affected. Similarly other districts of Aurangabad, Gaya, Nalanda, Palamau etc. have been affected. In all 15 districts have been affected badly. Roughly on a preliminary estimate the total damage to the national highway system in Bihar is to the tune of Rs. 4 crores. Altogether 124 rural water supply systems have been affected Pumping plants, transformers, sub-stations, etc. have generally been damaged. The estimated cost of renovation and reconstruction to the various irrigation and flood protection schemes is about Rs. 17.35 crores. The present floods have completely submerged paddy crops in parts of several districts, covering paddy area of over 11.26 hectares.

The minimum requirement of credit for certified seed alone would be of the order of Rs. 15.70 crores in Bihar. To implement the normal rabi production programme this year, the Government of India has already been requested to sanction a sum of Rs. 15 crores as S.T.C. loan. The ravages due to this flood has necessitated an additional requirement of at least Rs. 10 crores making a total requirement of Rs. 25 crores as short term loan repayable after one year.

The Bihar Government submitted a memorandum before the experts committee of the Government of India on 11th October. The Bihar Government has sought Rs. 137 crores for flood repairs. It is very essential that the Government of India should without and delay sanction this money and save Bihar. It has to be noted that while there were floods in North Bihar, there was drought in South Bihar in Singhbhum, Hazaribagh and other areas. The State is under severe financial constraint. There is a provision of Rs. 4.61 crores in the State non-plan budget as per the sixth Finance Commission's recommendation. But this is not sufficient. We shall need another Rs. 10 crores to meet the needs of relief operations. Last but not least employment-oriented HML schemes are also required.

I suggest that permanent arrangement for floods and droughts in Bihar and other parts of the country should be evolved. North Bihar rivers should be channelised into South Bihar and a scheme should be evolved by the Centre. The Central Government should take up the schemes in hand for all States especially Bihar, where flood and drought are a permanent feature. This is out of the control of the State Government. Every year lakhs of people become beggers. Lift irrigation schemes should be taken up and sinking of more and more deep wells should be undertaken. Small dams on the rivers should be constructed to check the floods.

The Rashtriya Barh Ayog should be more active and they should do something more. I want to mention here one thing. The Rashtriya Barh Ayog was constituted under the chairmanship of Shri Jaisukh Lal Hathi, who is now the Governor of Haryana. On 3rd July, 1976, the Commission was expected to go there. Since the launching of the Water Commission, about Rs. 400 crores have been spent till March last year, but we do not know with what results. Therefore, it should be more active.

Lastly, I would further suggest that the water from the reviers in the North should be pumped to the South and a scheme at the national level should be taken up.

With these words, I would request the Government of India to please do the needful and save Bihar.

श्री शंकर दयाल सिंह (चतरा) :सभापति जी, देश में पिछले दिनो बाढ़ के कारण जितना नुकसान हुआ, उस से हम सभी परिचित हैं। देश का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा बचा हो जहां बाढ़ की चपेट न आई हो। असम, गुजरात, जम्मू-काश्मीर, राजस्थान पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, बिहार तथा उत्तर प्रदेश, ये देश के जितने प्रान्त हैं, सब में बाढ़ की विभीषिका रही और साथ ही साथ कुछ हिस्सो में सूखे का प्रकोप भी रहा। लेकिन, सभापति जी, इस बार कुछ ऐसा रहा, खास कर मैंने अपने प्रांत बिहार में, देखा कि प्रकृति की लीला इस बार विचित्र थी। जिन हिस्सों में पहले सूखे से भंयकर क्षति होती थी, उनमें भंयकर बाढ़ आई और जहां बाढ़ आती थी, वहां इस बार सूखा पड़ा। प्रकृति ही उलट गई और जब प्रकृति उलटती है तो पुरुष लाचार हो जाता है, कुछ कर नहीं पाता है। बाढ़ और सूखा दोनों ने हमें इस बार तबाह किया, आर्थिक रूप से बरबाद किया, देश की एकानमी को इस से बहुत अधिक क्षति पहुंची, लाखो, घर तबाह हुए। हम यह देखते है कि औसत प्रतिवर्ष 70 लाख हैक्टेयर में पानी आता है, जहां बाढ़ का प्रकोप रहता है और उस से करीब-करीब प्रतिवर्ष 180 करोड़ रुपए की क्षति होती है–देश भर में।

पिछले दिनो ता० 11–8–1976 को सैन्ट्रल वाटर कमीशन के चेअरमैन श्रीमूर्ति की एक वार्ता आकाशवाणी से प्रसारित हुई थी, उसमें उन्होंने बताया था कि 1975–76 तक 4,490 मिलियन रुपए हम लोगो ने बाढ़ नियंत्रण के लिये खर्च किये हैं, लेकिन उसका नतीजा क्या निकला, शायद हम लोग समझ नहीं पाये हैं। इसके साथ ही देश में 7500 किलोमीटर तक की दूरी के एम्बैकमेंट भी बांधे गये हैं, लेकिन उसका क्या नतीजा हुआ है यह भी बहुत कुछ देखने में नहीं आया है। श्रीमन्, बिहार में जब से मैं पैदा हुआ हूं तब से कभी ऐसा नहीं हुआ कि अखबारो में भयंकर बाढ़ की खबरें न आई हों। अभी जैसा कि शास्त्री जी ने कहा–पिछले साल केवल पटना राजधानी में बाढ़ आई थी, जिससे करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ था, इस दफा जब वहां बांध बना दिया गया तो नतीजा यह हुआ कि दक्षिण बिहार के पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई। पहले बड़ी-बड़ी नदियों में बाढ़ आती थी, कोसी, गण्डक, कमला में बाढ़ आती थी, लेकिन इस बार ऐसा हुआ कि छोटी-छोटी नदियों में बाढ़ आई, वे उफान मारकर शेर की तरह से दहाड़ने लगीं, पुनपुन, अबरी, मुरहर, स्वर्णरेखा और यहां तक कि दामोदर में जो कि कन्ट्रोल्ड है, उसमें भी भयानक बाढ़ की स्थिति थी।

15.00 hrs.

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस को राष्ट्रीय नीति के अन्तर्गत लें। पिछले दिनों भी संविधान संशोधन के समय हम लोगों ने बार-बार कहा था कि कृषि और सिंचाई को राष्ट्रीय नीति के अन्तर्गत लिया जाना चाहिए। क्यों हमने कहा था? हमने इसलिए कहा था कि आप पैसा जरूर देते हैं लेकिन पैसे का उपयोग कैसे होता है, इस को भगवान ही जानता है। इसलिए मैं कह रहा हूं और मेरा अपना ऐसा विश्वास हो गया है कि जैसे धान, गेहूं और चने की फसल होती है वैसे ही बिहार में बाढ़ की फसल होती है और बिहार के जो अधिकारी हैं वे भी यह सोचते हैं कि हम भी क्यों न इस बाढ़ में हाथ धो लें। इसलिए शायद वे नहीं चाहते कि बाढ़ पर कन्ट्रोल हो और सूखे पर कन्ट्रोल हो। अगर बाढ़ और सूखे पर नियंत्रण हो गया, तो उनका काम समाप्त हो जाएगा। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इसको एक राष्ट्रीय नीति के रूप में लेकर केन्द्र इसको अपने सुपरवीजन में ले और इसकी देखरेख करे। करोड़ो करोड़ रुपया आप देते हैं लेकिन उसका लाभ नहीं मिलता है और बेचारी जनता बाढ़ की विभीषिका में फंसी रहती है,

[श्री शंकर दयाल सिंह]

सभापति महोदय, मैं आप को बताऊं कि पिछले दिनों बिहार के 31 जिलों में से 15 जिलों में जैसे हजारीबाग, औरंगाबाद, गया का हिस्सा नालन्दा का हिस्सा, बिहार-शरीफ़ का हिस्सा, और पटना के हिस्से में और दूसरी बहुत सी जगहों में बाढ़ का प्रकोप था। मैं इस चीज को रिपीट नहीं करना चाहता हूं लेकिन यह कहना चाहता हूं कि बिहार के कुल 587 ब्लाकों में से 253 ब्लाकों में बाढ़ का प्रकोप था और पिछले साल 14 लाख हैक्टेयर जमीन में पानी का जमाव था। मैंने अपनी आंखों से उस दृश्य को देखा है और दूसरे जिन लोगों ने उस को देखा है वह भी जानते होंगे कि महा-प्रलय की तरह से पानी हर तरफ़ दिखाई देता था। मैं उन दिनों अपने क्षेत्र में घूम रहा था और मैं पटना जाना चाहता था लेकिन एक हफ़्ते तक मैं पटना में प्रवेश नहीं कर सका। पटना को जाने वाली सड़क बन्द हो गई थी और बांध कट गया था। नतीजा यह हुआ कि जहां भी देखो, पानी ही पानी दिखाई देता था। ऐसी स्थिति में, सभापति महोदय, मैं सरकार को तीन, चार बातें कहना चाहता हूं और आप का अधिक समय नहीं लेना चाहता हूं। आप की आंखों से लगता है कि प्रेम बरस रहा हो लेकिन डरता हूं कि कहीं आप का हाथ घंटी पर न चला जाए। इसलिए प्रेम बरसाने के साथ-साथ आप अपनी उंगली घंटी पर न ले जाइए।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि एक राष्ट्रीय नीति के अन्तर्गत बाढ़ नियंत्रण को ले कर सरकार चले और जैसे आपने फरक्का बांध की योजना बनाई है, उसी तरह से जिन जिन नदियों में बराबर बाढ़ आने की सम्भावना रहती है, उन की योजना सरकार बनाए और केन्द्र द्वारा उन का संचालन करे।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार के कुछ क्षेत्रों में इस बार बहुत भयंकर बाढ़ आई है। मेरे क्षेत्र में, जहां पर लोग यह नहीं जानते थे कि बाढ़ क्या होती है, छपरा, प्रतापपुर और हंटरगंज आदि जगहों में ऐसी बाढ़ आई कि सड़कें टूट गईं, फसलें बर्बाद हो गई और लोग तबाह हो गये। इसलिए मेरा कहना यह है कि जैसे आप ने दामोदर वली कार्पोरेशन बना कर बिजली और सिंचाई दोनों की व्यवस्था की है और उस से बहुत लाभ हुआ है, उसी तरह से आप सोन और पुनपुन वैली कार्पोरेशन जरूर बनाएं जिस से इन क्षेत्रों का भी विकास हो सके।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आप जो भी काम करें वह टेम्पोरेरी रूप से न करें क्योंकि वह उड़ जाता है। कहीं बालू निकाल रहे हैं और कहीं छोटे बांध बना रहे हैं और इन पर 50, 50 करोड़ रुपया खर्च हो रहा है और नतीजा कुछ नहीं होता। इसलिए आप जो भी काम करें वह पर्मानेन्ट करें और वह पर्मानेन्ट वैल्यू का हो। सभापति जी, मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि यह इन्द्र का प्रकोप ही है जो भयंकर बाढ़ें आती हैं और इस इन्द्र के प्रकोप से लोग त्राहि-त्राहि करने लगते हैं और जब ऐसा होता है तो लोग इन्दिरा जी के

पास आते हैं और इन्दिरा जी यानी केन्द्रीय सरकार लोगों की मदद करती है। तो मेरा कहना यह है कि जब केन्द्र से पैसा ले कर राज्यों को मदद पहुंचाने की जरूरत पड़ती है और सारी योजना को करना पड़ता है तो फिर आप क्यों नहीं इस पर ठीक से कन्ट्रोल रखते। पटना को बचाने के लिए जो बांध बनाया गया उस से लोक सभा के अध्यक्ष श्री भगत की कांस्टीटुयेन्सी के लोगों को बहुत नुकसान हुआ। वे बोल नहीं पाते हैं लेकिन अगर आप उन से पूछेंगे तो आप को पता चलेगा कि पूरा उन का क्षेत्र बर्बाद हो गया। पटना शहर को बचाने के लिए बिहार के कम से कम एक करोड़ लोगों को पानी के अन्दर डूबो दिया गया। अगर पटना को डूबना था तो वह डूब जाता परन्तु उस को बचाने के लिए जो बांध बनाया गया उस से गांवों के एक करोड़ लोग तबाह हो गये। आज स्थिति यह है कि वहां पर लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि आप को साइंटिफिक रूप से इस समस्या से निपटना चाहिए और अगर यही स्थिति रही है तो हर साल आप वहां पर लोगों को हेलीकोप्टर से खाना पहुंचाते रहेंगे और उस से कोई लाभ नहीं होगा।

सभापति जी, सोखी जी अभी बोल रहे थे तो बता रहे थे कि ब्रिटेन में पिछले ढाई सौ सालों में ऐसा सूखा नहीं पड़ा। हमारे केन्द्रीय कृषि और सिंचाई मंत्री, श्री जगजीवन राम जी जब बिहार गये थे तो उन्होंने कहा था कि बिहार में इतनी भयंकर बाढ़ पिछले 6 सौ सालों में नहीं आयी। फिर भी बिहार को जो पैसा दिया गया है वह महाराष्ट्र के अनुपात में कुछ भी नहीं दिया गया है। मैं आपको कहना चाहता हूं कि बिहार सरकार ने जो मेमोरेण्डम केन्द्रीय सरकार को दिया है, उसको भी आपको देखना चाहिए और बिहार को मदद देनी चाहिए। हम को याद है जब महाराष्ट्र में सूखा पढा तो उसको दो साल के अन्दर 232 करोड़ रुपया दिया गया। बिहार की जनसंख्या को देखते हुए इस समय आपको बिहार को भी उसी अनुपात में मदद देनी चाहिए।

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneshwar): Mr. Chairman, Sir, today, the entire State of Orissa is in the most distressing condition and almost all the 13 districts of the State have been affected by serious drought conditions.

Specially, my constituency comprising of Bhubaneswar, Jatni, Khurda, Bolgarh, Begunia, Nayagarh, Daspall and Khandapada have been worst hit as there is no canal system which serves this area. The people living in this area are really in very great distress.

The dry spell in Orissa began from first week of September and it continues since then. Only on 16th October, there was a little rain but it was confined to only areas near the sea shore within a limit of 20 to 25 miles. Therefore, the rest of the State remained dry.

I have recently visited many of the areas which are affected by drought. Everywhere, about 75 to 80 per cent of the standing crop has dried up. I must admire my people that without waiting for the help of the Government, through manual labour, they tried to save their lives' hope, their standing crop, by all possible means

[Shri Chintamani Panigrahi]

and they even carried water in jugs to sprinkle in their fields—all the wells had dried up—but the crop could not be saved.

According to meteorological sources, Orissa had 29 to 50 per cent less rainfall than the normal rainfall during this year's monsoon. Kharif is the principal crop of the State. This accounts for 77 per cent of the gross crop and over 83 per cent of the State's foodgrains is harvested this season. This crop mainly depends on monsoon. The irrigated area is only about 16 per cent of the net sown area. Therefore, the severity of the drought could be judged by the hon. Minister, Shri Annasaheb Shinde and the hon. Minister, Shri Shahnawaz Khan. Both of them have been kind enough to help us in distress. They always come to our help. I would request them again to come to the help of the people of Orissa who have been affected by the drought.

I must say that the scene is most heart-rending. During the last ten years, Orissa has suffered from drought for seven years. During the last one hundred years, Orissa has suffered from either serious drought or flood for sixty years. Therefore, Orissa cannot prosper and cannot catch up with the other States in improving the living standards of our people faster. This is the time when the farmers after exhausting all their resources wait in great hopes for the crops in the fields to be harvested for sustaining themselves. But severe drought has shattered all their hopes. They deserve all the help from the Government.

The points, that I would like to bring before the kind attention of the hon. Minister are, firstly, to provide work and food nearly to 2 crores of people in the State till the next year's khariff crop. Almost 75 to 80 per cent of the crop has been lost. Secondly, you should also provide seeds for the next year's khariff crop. Thirdly, you should open fair price shops in every village. Fourthly, you should undertake the construction of minor irrigation works, renovation of tanks and old minor irrigation works so that the people get work. Fifthly, to help the farmers for raising Rabi crops and early variety paddy crops in the irrigated areas; sixthly, to provide food for the children; and finally, collection of all Government and cooperative arrears to be stayed.

One more point is about the Manibhadra irrigation project in Daspalla area of the Mahanadi. It was going to provide irrigation to half-a-million acres. I would request that this should be taken up now.

Then, as far as our State or Orissa is concerned, there are a lot of drought-prone areas and since Rs. 70 crores is going to be spent on the drought-prone areas, I hope our State will get the maximum help possible from the Central Government.

✓ **श्री जगन्नाथ मिश्र** (मधुबनी)। सभापति महोदय, कहा जाता है कि वीणा का तार टूट जाता है लेकिन गूंज रह जाती है। हर साल बाढ़ आती है, लोग बाढ़-ग्रस्त होते हैं, सरकार के समक्ष गवाही दी जाती है, सरकार अपने साधन के अनुकूल सहायता करती है, लेकिन लोगों का दुख दर्द बना ही रह जाता है। आज जब देश ने विज्ञान के क्षेत्र में चमत्कारिक उत्थान किया है, और कर रहा है, तब भी हर साल देश बाढ़ और सूखे से परेशान रहे और लोग दाने दाने को मोहताज रहें यह बर्दाश्त की चीज नहीं लगती है। अभी सारे देश में बाढ़ आयी, माननीय सदस्यों ने चर्चा की कि किस तरह की बरबादी हुई और लोग परेशान हुए। इसलिए सारे देश की बातें यहां न उठा कर मैं अपने प्रान्त बिहार की ओर आप का ध्यान खींचना चाहता हूं जहां पारसाल 25 अगस्त को विनाशकारी बाढ़ आयी और पटना की जो क्षति हुई उस की चर्चा आप ने सुनी।

इस साल 17 सितम्बर को बिहार की तीन नदियों—गंगा, सोन और पुनपुन—में बाढ़ आ गई और पुनपुन के तटबंध में दरारें पड़ गई। सरकार ने इस की जानकारी लोगों को दी और लोगों ने अपने स्थान छोड़ सुरक्षित स्थानों में शरण ली। पटना की रक्षा तो हुई, किन्तु अन्य स्थानों में जो बरबादी हुई उस की हम चाहे कितनी भी चर्चा करें, मुझे विश्वास है कि हम उस की वास्तविक चर्चा नहीं कर सकते हैं।

श्रीमन्, आप को मालूम हो कि बिहार के 15 जिलों में जिन में 145 प्रखंड होते हैं, बाढ आयी और लोग उस से परेशान हुए। पौने सोलह हजार वर्ग मील इलाके में साढे 95 लाख की आबादी बाढ़ से बरबाद हुई। बिहार सरकार ने अपने साधन के अनुकूल लोगों की सहायता की, लेकिन वह दाल में नमक के बराबर भी नहीं हुई। इसलिये सरकार ने केन्द्रीय सरकार से तत्काल 16 करोड़ रु० की राहत के लिये लिखा और सड़कों की मरम्मत के लिये 15 करोड़ तथा रबी अभियान के लिये 25 करोड़ रु० की मांग की। श्रीमन्, प्रधान मंत्री भी द्रवित हुई और उन्होंने हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने 15 जिलों का जैसे सासाराम, बक्सर, जहानाबाद, औरंगाबाद, बरौनी, बेगुसराय, खगरिया, मुकामा, बड़हिया, फतूहाबाद, मसौढ़ी, नालन्दा, इस्लामपुर, हिलन्सा-पुनपुन, पटना आदि स्थानों का हवाई सर्वेक्षण किया और जो स्थिति उन्होंने देखी उस से वह द्रवित हो गई।

उसके फलस्वरूप एक केन्द्रीय दल वहां भेजा गया जो इस बात की जांच करे कि बाढ से बिहार को कितनी क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने प्रधान मंत्री से वर्णन किया कि बरौनी और बेगुसराय बाढ़ से पर्याप्त आहत हुए हैं, यद्यपि बाढ़ से सुरक्षा और बचाव के काफी काम हुए, फिर भी लोगों को बाढ़ की चपेट में आना ही पड़ा और भारी बर्बादी सहन करनी पड़ी।

बिहार बाढ़ से हुई क्षति का मूल्यांकन करने के लिये जो केन्द्रीय विशेषज्ञ दल भेजा गया था, उसका कहना है कि बिहार की कुल एक अरब 82 करोड़ की क्षति हुई है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है—

(1) 5 लाख 30 हजार हैक्टर भूमि में लगी धान की फसल नष्ट हो गई,

(2) 67 हजार हैक्टर भूमि में लगी मकई की फसल नष्ट हो गई,

(3) 98 हजार हैक्टर जमीन में लगी अन्य फसलें बेकार हो गई।

इसी प्रकार श्रीमन्, बिजली बोर्ड को 5 करोड़ 10 लाख रुपयें का तथा सिंचाई व्यवस्था को 19 करोड़ 21 लाख रुपये का नुक्सान हुआ। 4 लाख मकान ध्वस्त हो गये, जिनके पुनर्निमाण और मरम्मत के लिये 6 करोड़ रुपये की आवश्यकता आंकी गई है।

अब प्रश्न उठता है कि इस समस्या का समाधान क्या हो सकता है? यह जो दल नियुक्त हुआ है, उसका पहला काम यह है कि वह इस बात का मूल्यांकन करे कि क्षति कितनी हुई है, और दूसरा महत्वपूर्ण कार्य यह है कि इस विनाशकारी बाढ़ से बिहार को कैसे बचाया जा सकता है।

बाढ़ से बचाव के लिये बिहार में विभिन्न नदियों पर तटबन्ध और पुल बना दिये गये हैं, जिससे नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बन्द हो गया है। होता यह है कि हर साल बाढ़ बहुत प्रबल वेग से आने लगी है। जो कार्यकारी दल है, उसको यह सोचना चाहिये कि जो तटबन्ध बांध दिये गये हैं और पुल निर्मित कर दिये गये हैं, कहीं उनसे तो पानी की धाराओं में व्यवधान नहीं होता है। और यही कारण तो बाढ़ आने का नहीं है। अगर यही कारण है, तो फिर इससे कैसे बचा जा सकता है, इस पर वह अपनी सम्मति

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

दे, राय दे और बिहार सरकार को सोचना चाहिये कि इन कारणों से बाढ़ से कैसे बचा जा सकता है ।

मैं सरकार से स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि वह यह न समझे कि जब बाढ़ आती है तो उससे आम जनता को ही क्षति उठानी पड़ती है, बल्कि सरकार को भी भारी क्षति उठानी पड़ती है। इसलिये बाढ़ से बचाव के लिये प्रयास करना उसका कर्तव्य हो जाता है। यह सरकार को स्पष्ट हो जाना चाहिये।

प्रधान मंत्री भी चाहती हैं कि बिहार को बाढ़ से बचाया जाये और इसके लिये वह एक परमानैन्ट सौल्यूशन चाहती हैं। इसके साथ ही जब मैं बाढ़ की चर्चा कर रहा हूं तो उसी सिलसिले में एक विशेष बात की ओर भी आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

बिहार में मधुबनी जिला है और वही मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है। उसमें 18 प्रखंड हैं। आपको यह सुनकर हैरत होगी कि इन 18 प्रखंडों में से 14 प्रखंड सूखाग्रस्त हैं। वहां के लोग परेशान हैं, वहां तबाही है और अब वहां खरीफ की फसल होगी ही नहीं और रबी की फसल की भी कोई उम्मीद नहीं है। इसलिये सरकार का ध्यान दिलाने के साथ साथ मैं आग्रह करूंगा कि वह उधर ध्यान दे और लोगों की कठिनाईयों को सम्यक ध्यान देकर दूर करने का प्रयास करे।

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Mr. Chairman, Sir, I speak on behalf of the State of Karnataka where there is a considerable amount of drought. I completely agree with the hon. Member that these natural calamities are very serious subjects.

In the State of Karnataka, about 15 districts are suffering from drought. The hon. Minister must have already been in receipt of the Memorandum of scarcity conditions in Karnataka; this is only for the period May to August, 1976 and there is a request for Central assistance. Concluding, the State Government has stated:

> "The State Government would request the Central assistance of Rs. 14 crores to be released during 1976-77 for tackling on a short-term basis the present drought conditions. 50 per cent of this assistance may kindly be released immediately since many of the programmes are already under execution and it is imperative that they should not be stopped."

They have given the detailed break-up of their programmes which are under execution, for example, minor irrigation, rural communication, soil conservation, afforestation, lift irrigation, deployment of rigs for drinking water, subsidy and assistance for transfer of fodder etc.

We also hear some alarming news that particularly the price of beef has gone down very enormously. The cultivators are selling this because they are not in a position to feed, which is again linked up with supply of fodder.

The memorandum that has been submitted is already outdated, because the conditions of scarcity have become more acute. Under the circumstances, we have been assured of a second Study Team. I hope that it will come up with factual details and provide the requisite financial assistance.

I want to make two or three points. The first point is in regard to the recommendations of the 5th Finance Commission. The 5th Finance Commission, headed by our present Home Minister, Shri K. Brahmananda Reddy had earmarked a specific amount for famine relief assistance to each one of the State. Andhra Pradesh received Rs. 4.31 crores and the State of Karnataka Rs. 1.91 crores. I do hope that the hon. Minister, while replying to this debate, will clarify

as to whether the assistance which we will be receiving during the current year by way of Central assistance under 64-Famine Relief, would be subject to these recommendations. The recommendations of the 5th Finance Commission are clear:

> "We strongly urge that instead of incurring expenditure on relief on *ad hoc* basis on schemes of dubious value, provision should be made on a much larger scale for development of drought and flood prone areas in the 5th Plan both in the Central and State sectors."

The State Government has sought for central assistance of Rs. 14 crores. Does the sum total of this recommendation mean that there will be a reduction of the central assistance to this extent in regard to the other projects that are on going in the State of Karnataka? The sum total result of the assistance for drought relief or famine relief will be that the works of development in other spheres of activity in the State of Karnataka will be affected adversely to that extent; it would mean that. In this context, I feel that constitutionally speaking, drought is not a State subject. It is not within the control of the State—the drought in Karnataka. ....(Interruptions) The southern part of Maharashtra was also affected by drought. That is a part of the Karnataka drought.—Drought knows no linguistic barriers. So, there was a clear case. Very recently we have amended our Constitution. At least drought, if not the whole of agriculture which cuts across the barriers, can be made a sort of concurrent subject.

Sir, we need assistance from UP, Punjab and Haryana for rigs. That I hope will be looked into by the Ministry. The last but not the least is that in the year 1972-73 when the State of Karnataka was in the grip of drought, some amounts were earmarked for lift irrigation by the Ministry and the hon. Minister himself had announced it. I am afraid, on the basis of the findings of the 20-point committee at the district level the utilisation of these funds earmarked on an *ad hoc* basis for building up lift irrigation schemes has not been proper. I have seen myself in the district of Belgaum at Mogatkhan near Hubli a scheme involving an expenditure of Rs. 15 lakhs was sanctioned and an expenditure of Rs. 7 lakhs was incurred irrigating an area of 15 acres of land. Sir, perennial irrigation was provided for 15 acres. The substance of what I am trying to suggest or submit for the consideration of the Government is: each year in some part of the country or the other there is a natural phenomenon or a sort of natural calamity and we give assistance for it. As to how it is used is nobody's business. It tends to get misused or improperly used and at times mostly abused. I would request the hon. Minister to kindly investigate what happened in that drought relief.

Then, Sir, Maharashtra demanded the construction of Bombay-Afta railway line as a sort of drought relief. On the same lines I also want that Karwar-Hubli line should be taken for up for construction as a drought relief as it is a labour-intensive project and will give a lot of relief to the drought affected people there.

DR. K. L. RAO (Vijayawada): I rise to make a few suggestions. The hon. Ministers were doing good work but the flood problem of India is very complicated. There are many rivers throughout the country, though smaller in size. The volume of water in all the rivers of India is only one-fourth of the water in one single river of Amazon in Brazil but the problem is vast because of the large number of rivers. That is why I said the problem of floods in this country is very complicated.

The idea of controlling the rivers on a national scale came from

[Dr. K. L. Rao]

Panditji in 1954. From 1954 onwards for the last 22 years there were many committees on floods headed by experts, Ministers, Engineers and so on and we have got ample material in those various reports. What we require really in this country is to realise the difficulties of the flood problem and make special studies on particular aspects which I will try to mention.

Some friends have been asking what is the result achieved so far. We have spent Rs. 400 crores on flood control. In this country the flood prone area is 20 million hectares. Out of this, one-third has been saved so far. In fact with this small sum of Rs. 400 crores we have achieved a magnificent result. Hereafter, we have got many more flood-prone areas which are difficult to secure protection from the floods.

As I generally do, I will divide the flood problem of the rivers of India into three sectors. Group I are the peninsular rivers of the Narmada and the Orissa rivers, the Baitarni, the Brahmani, the Subarnarekha, the Burbalang; what these rivers need is construction of reservoirs.

The construction of dams—at Hirakud on the Mahanadi, Ukai on the Tapi and DVCs dams have resulted in affording protection from the floods to extensive areas. Likewise in Orissa, Rangali on the Brahmini, Bhimkund on the Biterni, Chandli on the Swaran Rakha if constructed, will, benefit large areas. These projects are known to us. Time bound programmes have to be drawn to control the flood detention reservoirs.

The second group concerns with the Himalayan rivers. The Himalayan rivers are very difficult to deal with. Construction of dams presents —engineering problems. Also the sites of these dams are in Nepal—Pancheshwar on the Sarda, Karnali on the Ghagra, Sikitaron the Rapti, Nurthose on the Bhagmati, Chisapani on the Kamla Balan, Barakshekhtra or Kharar on the Kosi. All these have been investigated. But unless the dams are constructed, the problem will not be solved. The problem of floods in Eastern U.P. and North Bihar will not be solved unless these dams are constructed and completed in the next decade. I would submit the hon. Minister has to look into these seriously if we want to reduce the flood damage in north Bihar.

There is one aspect on which I would like to give a warning. That is in regard to Kosi barrage. When the Kosi Project was constructed, it was assumed that it will solve the problem for 25 to 30 years. 20 years are over. It is therefore, necessary to examine how far the Kosi Project will give protection. We have to take levels of the bed of the river to find out the amount of siltation that has taken place, and to find out as to what extent the barrage has lost its value. The whole area protected by the Kosi Project is very prosperous. To continue in prosperity we have to take up, if necessary Barrage at Kharar or Barakheshtra dam. Any construction will take 10 years. Therefore, we should not be complacent about Kosi. It is a dangerous river. We have to make a special study and we have to take steps in time. I would suggest that the Centre and the State must take steps to see that the study of this river is made in depth. Various alternatives have to be investigated, lest we should be taken by surprise.

Ganga is a good river. But it causes serious erosion. The erosion is at Balia (U.P.), Mansi (Bihar) and Dhulia (West Bengal). At all these places the river is attacking the banks seriously. We must have a comprehensive study of the river system in those reaches. Unless it is tackled now, more serious problems will arise.

In South Bihar the rivers are comparatively much smaller but they can

cause great suffering to the people. The Sone river rises at a great height. Pumpun and Sone cause a lot of trouble to the southern areas. Intensive study is required to draw up a suitable solution.

An intensive study should be made in this regard because south of the Ganga, the areas between Monghyr and Patna are some of richest tracts in the country. If Bansagar dam in the river Sone is constructed, them the Sone can be controlled. We will be able to save Patna city from frequent floods and, to a certain extent, reduce the flooding in the Thal area.

I would like to emphasise that the Ganga basin is most important. As rivers come from Nepal side, it is necessary to take it up with Nepal Government for permission to construct reservoirs which will be beneficial not only to us but also to Nepal. You should send the Minister for discussion. This has been pending for a long time and so we should take this up in a systematic manner and discuss with them to find a solution. Mere writing of letters will not do. I have also said that instead of having committees on the general flood controls, we must have a study team to make a detailed study of some of the problems that I have mentioned just a while ago. That is the best way to deal with serious problem of erosion and inundation.

In Assam, one of the first priority that we should do is to strengthen the embankments already constructed and bring them to the standard.

We should also fill up the gaps with banks built to the proper standard. In Subansari, there is a good site where granite rock is found and a dam can be constructed on the river Subansari. Also we should try for the construction of a detention reservoir in the Tibet area. We should take up the matter with the Chinese government as they are now friends to this country. We should negotiate with them for taking up the investigation for controlling the floods. Chinese are experts in tackling flood problems. Then only the problem of flood in Assam valley can be overcome.

In the northern parts of the country, in the Ganga and the Brahmaputra, it is necessary to establish flood fighting units. At the moment we get the help of the army units when the floods actually occur. That is not so efficient. What we should do is to organise two units—one for the Ganga basin and the other for the Brahmaputra—to swing into action during the monsoon period. They must be equipped with helicopters, launches etc. to be stationed in the basin to deal with any contingency that may arise in these months.

श्री नीतिराज सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : सभापति जी, प्रकृति के प्रकोप पर अभी तक काबू नहीं पाया गया है। इस देश की सारी खेती यानी काश्तकारी प्रकृति पर आधारित है। इसलिए हर साल कहीं अतिवृष्टि से बाढ़ें आती हैं और कहीं अनावृष्टि से सूखा हुआ करता है।

अभी आप के सामने बिहार, उड़ीसा, कर्नाटक और दूसरे प्रदेशों के बारे में कहा गया। मैं भी थोड़े से समय में आप के सामने मध्य प्रदेश की आज की जो दशा है वह रखना चाहता हूं। मध्य प्रदेश का एक संभाग रीवा संभाग ऐसा है जो हमेशा सूखे से ग्रसित रहता है। डा० के० एल० राव जी ने अभी जो आप के सामने कहा कि बानसागर बांध बना दिया जाए, तो उस से पटना की भी रक्षा होगी और रीवां संभाग को भी पानी मिलेगा। मध्य प्रदेश का दूसरा संभाग छत्तीसगढ है, जिस के दो डिवीजन हैं एक बिलासपुर और दूसरा रायपुर। इन में सात जिले हैं और धान के उत्पादन के लिए यह क्षेत्र प्रख्यात है लेकिन इस साल यह भय है कि वहां के लोगों को भी चावल खाने को नहीं

[श्री नीतिराज सिंह चौधरी]

मिले। वहां की हालत खराब है और बहुत दिक्कतें हैं। कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसी ही दशा नर्मदा खंड के जबलपुर संभाग, भोपाल और इन्दौर संभाग की है विशेषकर नरसिंहपुर, होशंगाबाद, खंडवा, रायसेन जिलों की। वहां पानी बेमौके और इतना कम पड़ता है कि वहां की जमीन सूख गई और कचरा भी खत्म नहीं हुआ। लोगों ने बार बार बोने की कोशिश की लेकिन बड़े बड़े डले निकलते हैं और पानी नहीं है। लोग बो रहे हैं, बहुत सी जमीन पड़ी रह गई है और जो बोई है पता नहीं वहां कुछ होगा भी या नहीं।

उसी तरह से आज सुखाड़ की स्थिति हमारे यहां है और कई जिलों में तो यह बड़ी भयानक है । आप संथाल परगना और भागलपुर की स्थिति देखिये, जिस जिले के, सभापति महोदय आप भी रहने वाले हैं । संथाल परगना में आज हम देखते हैं कि 6 प्रखंडों मे से एक, दो प्रखंड तो बाढ़ से प्रभावित हैं और बाकी चार, पांच प्रखंड सूखे से प्रभावित हैं । वहां पर ऐसी स्थिति हो गई है कि बहुत से कुओं में पानी तक सूख गया है और लोगों को पानी नहीं मिल रहा है । वहां पर 50, 60 प्रतिशत जो रोपने का काम किया गया था, पानी न पड़ने के कारण सब के सब बीज सूख गये हैं और हमारे पास चिट्ठियों पर चिट्ठियां आ रही हैं कि धान फूट नहीं रहा है और एक भयंकर स्थिति वहां पर पैदा हो गई है । ऐसी परिस्थिति में सरकार को चाहिए कि जिस तरह से उस ने बाढ़ में प्रबन्ध किया है, उसी तरह से सुखाड़ में लोगों की सहायता कर के पानी का कुछ प्रबन्ध वहां पर करे । जिस इलाके में सूखा पड़ा हुआ है वहां पर सरकार को तत्कालीन रिलीफ के कामों का प्रबन्ध करना चाहिए । वहां पर मिट्टी वगैरह खोदने का काम होना चाहिए । खिचड़ी बांटने के लिए लाल कार्ड का प्रबन्ध होना चाहिए । सस्ती रोटी की दुकानें खोलने का प्रबन्ध होना चाहिए, सस्ते गल्ले की दुकानें खोली जानी चाहिएं और अनाज खरीदने के लिए ऋण की व्यवस्था होनी चाहिए । वहां पर जो लोग हैं वे बहुत गरीब हैं और 80, 85 प्रतिशत उन में आदिवासी और हरिजन हैं । वहां पर 32, 33 लाख लोग बसते हैं और उन की हालत बहुत खराब है । इसलिए उन के लिए आप को कोई व्यवस्था करनी चाहिए । वहां पर जमीन ऊंची नीची है और इरीगेशन भी केवल 2 प्रतिशत में है । इसलिए मेरा कहना यह है कि जब तक वहां के लोगों की हालत को सुधारने के लिए आप कोई ठोस कदम नहीं उठायेंगे, उन की हालत दयनीय रहेगी और वे लोग बराबर सूखे से पीड़ित रहेंगे । वहां पर 32, 33 लाख एकड़ जमीन मे धान की फसल होती है और एक ही फसल होती है । इस के अलावा दूसरी फसल नहीं होती है और इस साल हालत यह है कि 4 प्रतिशत धान भी वहां पैदा होगा, यह कहना मुश्किल है । सब का सब एरिया वहां बाढ़ और सूखे से प्रभावित हुआ है । सरकार को चाहिए कि वहां पर तत्काल लोगों की सहायता करे ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं और वह यह है कि उस एरिया में कहलगांव गंगा की लिफ्ट इरीगेशन स्कीम शुरू हुई थी लेकिन वह अभी पूरी नहीं हुई है । उस से लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती है और भागलपुर और संथाल परगणा के लोगों को लाभ हो सकता है । उस को पूरा कर के अगर दामोदर नदी में ले जा कर गिरा दिया जाए, तो लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती है । इस तरह से आप देखें कि हमारे संथाल परगणा जिले में जो स्कीमें हैं, वह पूरी नहीं हुई है । 25 साल हो गये हैं और अभी वहां पर कुछ नहीं हुआ है । सर्वे वगैरह ही होता रहता है और काम कुछ नहीं होता है । इसलिए अगर इन स्कीमों को पूरा कर दिया जाए तो सिंचाई का ठोस इंतजाम हो सकता है और लोगों की हालत सुधर

सकती है । अगर वहां पर कोई ठोस काम नहीं किया गया, तो वहां के लोगों की हालत हमेशा दयनीय रहेगी और उन को हमेशा सूखे और बाढ़ का सामना करना पड़ेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं ।

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) : सभापति जी, बिहार में जो यह भयंकर बाढ़ आई है, उस के लिए लोग यह कहते रहे है कि यह दैवी विपत्ति है और बराबर उस को देवी विपत्ति के नाम से पुकारते रहे हैं । हमारे माननीय कृषि मंत्री बाबू जी ने भी यह कहा है कि इतनी भयानक बाढ़ बिहार में बहुत वर्षों के बाद आई है । ऐसी बाढ़ पुनपुन में 1903 में आई थी और उस के बाद अब यह बाढ़ आई है । इस का असर क्या हुआ ? इस का असर यह हुआ जैसा कि पं० डी० एन० तिवारी ने कहा कि पटना को बचाने के लिए नये बांध बनाये गये और गंगा के दूसरी तरफ बाई ओर बांध नहीं बनाया गया और सारा गंगा का पानी छपरा, सारेण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय और कटिहार जिले तक चला गया। उधर हजारीबाग में 7 दिनों तक वर्षा होती रही और वह सारा पानी पुनपुन में चला या । नवीन बांध से पटना तो बच गया लेकिन उत्तर बिहार के बहुत बड़े भू-भाग में पानी ही पानी हो गया । मैं ने कई बार केन्द्रीय सरकार से आरजू की है कि समस्तीपुर जिले के बरूआ बांध (गंगा) की मरम्मत करा दी जाए । पुराने जमाने में तो यह काम हो जाया करता था लेकिन इस बार नहीं हुआ हालांकि हमारे केन्द्रीय उप-सिंचाई मंत्री श्री केदार नाथ सिंह ने इस में बड़ी दिलचस्पी ली लेकिन ब्योरोक्रेटिक बोटलनेक्स की वजह से काम नहीं हो पाया। अगर वहां पर बरूआ बांध की मरम्मत का काम ठीक तरह से पूरा हो जाए, तो लाखों एकड़ जमीन बाढ़ से बच जायेगी और सिंचाई की व्यवस्था हो सकती है ।

दूसरी बात यह है कि हमारे संसदीय क्षेत्र (समस्तीपुर) में, मैं देख रहा हूं कि कई साल से बूढ़ी गंडक "जवान" हो गई है और काफी नुकसान कर रही है । इस साल उस से नुक्सान कम रहा लेकिन फिर भी एक छोटा सा सुझाव अपने वैज्ञानिकों को माननीय मंत्री जी के द्वारा देना चाहता हूं । अगर हम केवल कैलेमिटी की ही बात करते रहें तो वैज्ञानिक किस दिन के लिये हैं ? इन को अब जागना चाहिये, नहीं तो जितने पोलिटीशियन्स हैं वही टेक्नोक्रैट बनेंगे और वही सुझाव देंगे जो कि उन्हें पसन्द नहीं होगा । उन से पूछा जाय कि 5, 10 साल बाद नदियों की क्या हालत हो जायगी अगर ड्रेजिंग नहीं की गई । सेडीकेंटेशन रोक्स हिमालय पहाड़ों की बह बह कर नदियों की बैड को ऊंचा कर देगी और आये दिन हमें बाढ़ का सामना करना पड़ेगा । इसलिये ड्रेजिंग का समुचित इंतजाम कीजिये । जो बड़ी-बड़ी नदियां हैं, जैसे कोसी, बूढ़ी गंडक, नारायणी और गंगा, इन में ड्रेजिंग के लिये आप दो, दो चार, चार ड्रैजर्स दे सकते हैं । लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है । बड़े बड़ टेकनोक्रट्स कहते हैं कि हम लोग लोक सभा में ऐसे ही सुझाव दे रहे है । हिमालय से काफी नदियां निकलती हैं, बरसात में उन में बाढ़ आती है जो नुकसान करती है और सारा पानी व्यर्थ ही समुद्र में चला जाता है । पहले के जमाने में क्रौस बंध छोटी नदियों में बना दिये जाते थे, लेकिन अब कोई ध्यान ही नहीं देता । अगर इस दिशा में हम कुछ कर सकें तो खेतों को पानी दे सकते हैं और बाढ़ को भी नियंत्रित किया जा सकता है ।

[श्री यमुना प्रसाद मंडल]

गंगा के क्षेत्र में कैश क्रौप होती है, लाखों मन मिर्च, मसाले होते हैं। अगर आप और कुछ नहीं कर सकते तो इस उपजाऊ क्षेत्र वाले लाके में आप क्रौप इन्श्योरेंस शुरू कीजिये। इस काम में आप बिहार सरकार की मदद कीजिये। इतनी सुन्दर मिटटी के बहते हुए भी सारी फसल सूख जाती है। इस समस्या का गम्भीरता से कोई हल निकालना चाहिये।

1971 में आप ने गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन कायम किया और उस का हैडक्वाटर भी पटना में रखा। कभी कभी उप-मंत्री जी वहां जाते भी हैं। मगर वहां के लोग क्या करते हैं यह कोई नहीं देखता। उन के काम पर भी आप की निगाह होनी चाहिये। आज लाखों लोग मुसीबत में हैं, सकड़ों लोग मर गये बाढ़ में और सैंकड़ो करोड़ रु० का नुकसान हुआ है जिस के कारण वहां की आर्थिक स्थिति 10, 15 साल पीछे चली गई है। अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो गम्भीरता-पूर्वक सोचिये।

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछलीशहर) : सभापति जी, हमारे देश में वैसे ही सूखा और बाढ़ का प्रभाव अलग अलग जगह पर पड़ा है। वह प्रतिवर्ष की स्थिति है और इस में कोई संदेह नहीं है कि हम अक्सर इस पर चर्चा भी करते हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश की हालत यह हुई कि इस वर्ष जून के शुरू में वर्षा हुई जब कि खतों में काम नहीं हो सकता था, और जुलाई में वर्षा नहीं हुई जिस से खेती का काम पिछड़ गया, जिस की वजह से फ़सल ठीक से नहीं ली जा सकी। जुलाई के आखिर में जब वर्षा हुई तो लोगों ने धान और मक्का लगाना शुरू किया। लेकिन पूरी खेती नहीं हो पाई थी कि अगस्त के आखिर में और सितम्बर में जो अतिवृष्टि हुई उस का प्रभाव यह पड़ा कि जो कुछ खेती की गई थी उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ा। एक तरफ खेती में वैसे ही काम नहीं हो सका था, लेकिन जो धान की खेती की गई थी, उस भय के मारे इतने लोग घबरा गये जहां मकान गिर रहे थे, चारों तरफ खेत डूबे हुए थे, लोग मेंड़ों को ठीक से भी नहीं बांध सके। नतीजा यह हुआ कि जो पानी बरसा था वह भी निकल गया और धान की फसल खराब हो गई। पानी जो लगातार बरसा, एक तरफ खेत में पानी आ जाने से जमीन को नुकसान हुआ और एकाएक पानी निकल जाने के बाद जमीन सख्त हो गई और जुताई नहीं हो सकी जिस का कुप्रभाव रबी की फसल पर भी पड़ेगा।

हमारे यहां उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना और सरयू के बीच का क्षेत्र इतना उपजाऊ है और धरती के नीचे इतना पानी है, अगर इसका ठीक से उपयोग किया जाता और पहाड़ पर नदियों को वास्तव में बांधा गया होता, तो उस पानी का हम बिजली के लिये भी इस्तेमाल कर सकते थे और नहरों के द्वारा हम उस पानी का सिचाई के लिये भी उपयोग कर सकते थे। लेकिन उत्तर प्रदेश में चाहे धन के साधन का कारण हो, चाहे उस तरफ ध्यान न दिये जाने का परिणाम हुआ हो, आज उत्तर प्रदेश अपने पूरे खाने भर के लिये भी पूरा प्रबन्ध नहीं कर पा रहा है। जहां ऐसी उपजाऊ जमीन हो, अगर वहां की नदियों का पानी ठीक से बांधा जाये, तो हम बिजली का भी लाभ उठा सकते हैं और सिंचाई के लिये भी पानी का उपयोग कर सकते हैं और ऐसी व्यवस्था से अपने प्रान्त की

हीं नहीं, दूसरे प्रान्तों की भी सहायता कर सकते हैं ।

उत्तर प्रदश में गन्ने की बहुत खेती होती है, और उससे इतनी चीनी पैदा करते हैं जो सारे देश को देते हैं । हमारे यहां पश्चिमी हिस्से में गेहूं की भी अच्छी उपज होती है और धान की भी अच्छी उपज होती है, लेकिन परेशानी यह हो जाती है कि बहुत सी बड़ी-बड़ी नदियां बाहर से आकर हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश को बहुत हानि पहुंचा जाती हैं ।

इस सम्बन्ध में प्राचीन काल के जो छोटे-छोटे बांध थे, जो तालाब होते थे, जिनसे सिंचाई करते थे, उन तालाबों का पट्टा कर दिया गया, उसके बजाय अगर सिंचाई के लिये पानी रोकने के लिये कोई नई व्यवस्था कर दी जाये तो उससे क्षेत्र को बड़ा लाभ हो सकता है और जो सूखे से पीड़ित रहते हैं, वे भी उसका लाभ उठा सकते हैं ।

मेरा सुझाव है कि सिंचाई की व्यवस्था और जहां नदियों के जल की समस्या है, इनको केन्द्रीय विषय बनाया जाये । प्रान्तों के बस की यह बात नहीं कि वे इसको सुलझा सकें । वे केन्द्र से सहायता पाने पर ही इस काम को करते हैं । अगर उनको केन्द्र से सहायता लेकर ही करना है, तो केन्द्र को इस विषय को अपने हाथ में लेना चाहिये । अगर इस तरह से बिजली, सिंचाई और बांध का काम केन्द्र अपने हाथ में लेता है तो मैं समझता हूं कि सारे देश की स्थिति अच्छी हो जायेगी और हम इसपर अच्छा नियंत्रण पा सकेंगे ।

श्री चिरंजीव भा (सहरसा) . सभापति महोदय, प्रति वर्ष बाढ़ आती है और इस देश में लाखों व करोड़ों रुपयों का नुकसान होता है । इसके नियन्त्रण के लिये कोई सुनियोजित योजना होनी चाहिये ।

मैं बिहार के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं । 16 जनवरी, 1976 को इसी सदन में हमारे कृषि मंत्री श्री माननीय जगजीवन राम ने कहा था कि 1975 में जो बिहार में बाढ़ आई, खास कर पटना में, उससे 10 करोड़ 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, फिर दूसरे बरस 1976 के सितम्बर में जो बाढ़ आई है, उसमें लगभग 2 अरब रुपये का नुकसान हुआ है । स्वयं माननीय बाबू जी ने कहा है कि विगत 5, 6 शताब्दियों में ऐसी बाढ़ नहीं आई थी । यह इस वर्ष की भीषणता का स्वरूप रहा है । हर साल इस तरह की रफ्तार से बाढ़ आती है, इस अवसर पर सरकार जो कुछ रिलीफ देती है उसके तत्काल कुछ राहत हो जाती है, लेकिन अगले वर्ष फिर वही रफ्तार जारी रहती है । इस तरह से तो प्रति वर्ष यह बाढ़ का क्रम बन्द होने वाला नहीं है ।

आवश्यकता इस बात की है कि स्थायी-रूपेण बाढ़ नियंत्रण के लिए सुनियोजित योजना बने और उसको कन्ट्रोल किया जाये । माननीय प्रधान मंत्री जी भी इस अवसर पर वहां गई और 21 सितम्बर को उन्होंने जो अपना व्यान दिया उसमें बताया कि दरअसल में वहां पर क्या स्थिति है । बिहार सरकार केन्द्र की सहायता से और अपनी पूरी शक्ति लगा कर जो कुछ कर सकती थी, वह उसने किया है । लेकिन जिस पैमाने पर नुकसान हुआ है, उस को देखते हुए लोगों को "ऊंट के मुंह में जीरे का फोड़न" के समान मदद मिल सकी है ।

इस बार 6,50,000 हैक्टर क्षेत्र में बाढ़ आई है । उस से फसल की पूरी बर्बादी हुई है, अच्छी उपजाऊ मिट्टी बह गई है और सड़क, पुल, स्कूल और अस्पताल आदि सार्वजनिक सम्पत्ति की भी अपार

[श्री चिरंजीव झा]

क्षति हुई है । बिहार सरकार ने सार्वजनिक भवनों आदि की मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपये की मांग की है । इस के अतिरिक्त उस ने बिहार में बाढ़ नियंत्रण के लिए 400 करोड़ रुपये की योजना बनाई है । लेकिन बिहार सरकार के पास इतने साधन नहीं हैं कि वह उस योजना को कार्यान्वित कर सके । इस लिए केन्द्र को इस सम्बन्ध में बिहार सरकार की पूरी सहायता करनी चाहिए ।

कोसी को शोक की नदी कहा जाता है । हम लोग बराबर उस से पीड़ित रहे हैं । दो तटबन्धों के द्वार पर इसे सीमित क्यों किया गया है किन्तु इसकी समस्या का पूरा निदान नहीं दे पाया है । अतः स्थायी समाधान के लिये आवश्यकता है कि कोठार डम की पुरानी योजना को कार्यान्वित किया जाय तथा, डगमारा बैराज का निर्माण कराया जाये । जब तक ऐसा नहीं होता है, तब तक हर वर्ष नदी के तल की ड्रेजिंग की व्यवस्था की जाये । दोनों तटबन्धों के बीच के तीन सौ गांव बराबर पीड़ित रहते हैं । इस बार अगस्त में वहां पर एक नाव-दुर्घटना में लगभग 150 आदमी डूब कर मर गये । हर साल इस तरह की दुर्घटनायें होती रहती हैं । अतः सरकार को उन लोगों के स्थायी पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए ।

श्री के० रामकृष्ण रेड्डी (नलगोंडा) : सभापति महोदय, मेरे मित्रों ने सूखे और बाढ़ के बारे में तफसील से कहा है । देश के बहुत से भाग--आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, यू० पी०, बिहार और उड़ीसा वगैरह--सूखे और बाढ़ के शिकार बने हैं ।

हमारे यहां किसानों को उम्मीद थी कि इस साल खरीफ की फसल अच्छी होगी, क्योंकि कुछ पानी पहले बरसा था । लेकिन सितम्बर के बाद पानी बिल्कुल नहीं बरसा । तालाबों में भी पानी सूख गया । यहां तक कि आदमियों और जानवरों को पीने के लिये पानी भी नहीं मिला । आन्ध्र प्रदेश में रायलसीमा और तेलंगाना में खासतौर पर सूखे की हालत है ।

मिनिस्टर साहब को मालूम ही है कि गोदावरी बैराज टूट गया है । उसकी मरम्मत के लिये कई करोड़ रुपये की जरूरत है । आज आन्ध्र प्रदेश के मैम्बरान-पार्लियामेंट ने प्राइम मिनिस्टर को एक मैमोरैंडम पेश किया है । हमें उम्मीद है कि प्राइम मिनिस्टर उस पर हमदर्दी से विचार करके आन्ध्र प्रदेश के रिलीफ के लिये काफी मदद देंगी, ताकि वहां सूखे से निजात हासिल हो सके । सैंट्रल गवर्नमेंट को गोदावरी बैराज की मरम्मत के लिये स्टेट गवर्नमेंट को मदद देनी चाहिये ।

आन्ध्र प्रदेश में बीबीनगर-नाडीकुडा रेलवे लाइन मंजूर हो गई है और प्राइम मिनिस्टर इसका उद्घाटन कर चुकी है । स्वर्गीय श्री एल० एन० मिश्रा ने 4 साल में उसकी तकमील करने की एश्योरेंस दी थी । उस रेलवे लाइन का एस्टीमेट 25 करोड़ रुपये से ज्यादा है । पिछले साल उसके लिये 50 लाख रुपये का एलाटमेंट किया गया । इस तरह तो वह लाइन 50 साल तक भी पूरा नहीं होगी ।

मैं समझता हूं कि रेलवे से फंड ले कर बीबी नगर से नाडीकुडा रेलवे लाइन को कम्पलीट किया जाय तो एक तरफ से रेलवे भी कम्पलीट हो जायगी और दूसरी तरफ ड्राफ्ट के समय में मजदूरों को मजदूरी भी मिल जायगी ।

फेमिन रिलीफ के लिए माइनर इरीगेशन और लिफ्ट इरीगेशन की तरफ खास तवज्जह दें तो बेहतर रहेगा । अभी तक रायल

सीमा में और तेलंगाना में डी पी एस के प्रोग्राम नाफिज हैं लेकिन सूखे की वजह से वहां की हालत और अबतर हो गई है। हमें उम्मीद है कि सेंट्रल गवर्नमेंट एक टीम भेज कर स्टेट गवर्नमेंट की सहायता करेगी। स्टेट गवर्नमेंट के पास फंड्स नहीं है। उसको सेंट्रल गवर्नमेंट से मदद मिल जायगी तो वह इन कामों को कर सकेगी। अन्त में मैं केवल यह कहना चाहूंगा कि आंध्र प्रदेश में बहुत सी नदियां हैं, उन में खम्मम पोचमपाड और नागार्जुन सागर की योजना को केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में ले ले।

श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव (सीतामढ़ी)। सभापति महोदय, घंटों की प्रतीक्षा के बाद आप ने मुझे समय दिया, इसके लिये धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से राज्य मंत्री श्री शाहनवाज खां का ध्यान उत्तरी बिहार की ओर ले जाना चाहता हूं। मंत्री जी सन् 1946 में सीतामढ़ी गये थे जिस समय पूरे देश में ढिल्लन, सहगल, शाहनवाज का नारा गूंज रहा था, सभी जवान और बच्चे यही नारा दे रहे थे, उस समय वे वहां गये थे। मैं उनको सीतामढी ले गया, उन को याद होगा। सीतामढ़ी में 29 करोड़ की लागत से बागमती सिंचाई योजना प्रारम्भ की गई है। काम तो प्रारम्भ हुआ है बागमती में लेकिन जहां नूनथर पहाड़ से बागमती नदी निकलती है और आपकी जो योजना उस पर बांध की है वह नेपाल बार्डर बर्गीनिया तक आप बनाना चाहते हैं जिसकी लम्बाई करीब 105 मील की है। लेकिन मंत्री जी को मालूम होगा वह नदी नूनथर पहाड़ के नीचे जहां आपका बांध बनाया जा रहा है उससे निकल कर दूसरी तरफ़ चली गई है जिसकी वजह से जो करोड़ों रुपये का बांध बनवा रहे थे, वह सब बरबाद हो गया। मैंने इसकी सूचना पिछले सेशन में दी थी। जगजीवन बाबू से भी निवेदन किया था। के० एन० सिंह साहब सीतामढ़ी गये थे। संयोग की बात है कि के० एन० सिंह साहब ने प्रोगाम बनाया सीतामढ़ी जाने का लेकिन जिस दिन हम लोग माला ले कर प्रतीक्षा कर रहे थे, उस दिन वे नहीं गए। गए कब? जब मैं सीतामढी में नहीं था तब वह पधारे। वहां के ठेकेदारों और बड़े-बड़े इंजीनियरों ने जो लाखों रूपये इसमें खा गये है काफ़ी के० एन० सिंह का स्वागत किया। लेकिन हमारी शिकायत है कि के० एन सिंह ने जब मेरे निर्वाचन क्षेत्र में मेरे निमंत्रण पर जाने का प्रोग्राम बनाया तो जिस दिन उन्होंने समय दिया वहां जाकर वहां की स्थिति देखने का उस दिन वे नहीं गये और 15 दिन के बाद गये जिसकी सूचना उन्होंने मुझे नहीं दी। इसलिये मैं आपके माध्यम से श्री शाहनवाज खां साहब को पुनः निमंत्रण देता हूं कि आप आजादी के पहले सीतामढ़ी गये थे, 16 जनवरी को, मुझे वह तिथि भी याद है, लाखों की संख्या में हम लोगों ने आपका स्वागत किया था, मैं पुनः आपको सीतामढ़ी चलने का निमंत्रण देता हूं।

वहां जो भयावह स्थिति बागमती में हो गई है, नदी की धारा बदल गई है, करोड़ों पये कि बर्बादी हुई है उसको आप चलकर देखें। वहां पर पये की लूट हो रही है। बागमती नदी में नारायणपुर बांध के नजदीक एक कच्चा बांध बनाया गया। उस बांध का कार्य मई के महीने में शुरू हुआ। मई के महीने में उस बांध का कार्य इंजीनियर्स ने और कन्ट्रैक्टर्स ने इसलिये शुरू किया कि 15 दिन के बाद फिर फ्लड आ जाये और बिना कोई काम किए करोड़ों पये भुना लें। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आप यहां से एक उच्चस्तरीय समिति बना कर भेजें जो कि वहां जाकर सीतामढ़ी नारायणपुर बांध की जांच करे। उसमें 15 दिन में 8 लाख रुपये का खर्चा बताया गया है जबकि उसमें 8 लाख का खर्चा नहीं हुआ है, केवल 50-60 हजार पये ही खर्च हुये हैं और बाकी साढ़े सात लाख रुपया वहां के इंजीनियर्स और कंट्रैक्टर्स ने लूट लिया। इसलिये मेरा निवेदन है कि

[श्री नागेन्द्र प्रसाद यादव]

आप वहां पर जांच समिति जरूर भेजें । वह समिति वहां पर जाकर जांच करे और जिन अधिकारियों का भी उसमें दोष हो उनको जितना शीघ्र हो सके पकड़ कर सीखचों में बन्द करें । यदि आप ऐसा करेंगे तो तभी काय सफल हो सकेगा वरना उसमें करोड़ों रुपये का गबन अभी तक हो चुका है वह आगे भी होता रहेगा । मैं पुन: आपसे निवेदन करता हूं कि इसके लिये आप जल्दी से जल्दी एक जांच समिति बनायें और वहां भेजें ।

आपने जो मुझे समय दिया उसके लिए धन्यवाद ।

19.00 hrs.

SHRI SHYAM SUNDER MOHAPATRA (Balasore): Mr. Chairman, Sir, we are passing indeed through a very critical time having floods and droughts engulfing half of our subcontinent. Here in this connection I want to point out that Government of India should take help of the space scientists to know as to when a flood or a drought would occur.

Sir, it has been invariably experimented in Colarado in the USA, USSR and Japan that the space scientists can very well know upto one year before as to when a flood or drought will affect the country. Not only with the help of the space scientists can we immediately gauge the magnitude of devastation but also we can assess the accurate damage. I would like to quote a space scientist in this respect:

> "It would be able to assess the damage caused by floods immediately after the flood has occurred whereas aerial assessment of the damage might take days and weeks."

The Indian Government has patronised space research department and, I think, we are second to none in the way we are progressing. So, we should not lose sight of this important factor.

Sir, Mr. Battacharyya of the Opposition party was speaking about China as to how they have been able to control the floods. It is true that Pandit Jawaharlal Nehru sent a delegation to China to study as to how through voluntary labour a mighty dam had been constructed in a few months time which would have otherwise taken many years. But then, Mr. Chairman, we must remember that China is a regimented society and the people there have been coerced and forced to work. In a democratic society like ours we should appeal to the people to give voluntary labour. I must thank Mr. Sanjay Gandhi for giving a lead in this direction by appealing to the people for voluntary labour for developmental projects. If I may quote an economist even within the coming fifty years India's problems are going to be so vast that we will not be able to tame the rivers far less constructing the mighty dams, reservoirs and such other things with Government resources.

Mr. Chairman, Sir, now I come to my own constituency where the river Subarnarekha has been causing devastation not only in Orissa but also in Bihar and West Bengal. I must thank the Prime Minister, who by her leadership has initiated a process of inter-State negotiation to solve the inter-State water disputes and may I quote Hindustan Standard of 11th September where it has commended our Food and Agriculture Minister:

> "The Union Minister of Agriculture and Irrigation, Mr. Jagivan Ram, has initiated a welcome trend in inter-State relations by persuading Chief Ministers to settle these in water disputes amicably."

It is a very welcome sign, but as far as Subarnarekha dispute is concerned, the signature of the West Bengal Chief Minister is still wanting. Unless it is done, this entire process of inter-State negotiations will end in failure. Although a reservoir has not been constructed to reduce the discharge from

7 lakh cusecs to 3 lakh cusecs to mitigate the intensity of flood, there are other ways to tackle the situation. For example, there is something like a drainage scheme which the Orissa Government could take up with the help of the Union Government. Although several years have passed with flood devastation ruining the economy of the land year after year, this drainage system has not been taken up. There was also a proposal to have a straight cut system from the river to the ocean to clear the water from Subarnarekha. This has also not been done. The model also has not been done in the Pune Model Room.

I must now speak about drought. As many as 13 districts of my State of Orissa have been affected. Orissa is a State where hardly 20 per cent of the area is irrigated and 80 per cent area is un-irrigated. It depends on the dynamism of the State Government, on the dynamism and initiative of the officers to save the people from such a calamity. But what has happened in Orissa? The administration is lethargic. In the *Hindustan Standard*, there is a Samachar report which says.

> "Since 400 pumpsets of the State Lift Irrigation Dept. are out of order, those available with the community Development Department are pressed into service."

The Orissa Government knows, every Government knows, that the emergency of drought and floods is a seasonal affair. So why were they not alive to the situation? Why was the Irrigation Department not alive to the contingency arising?

I must congratulate our esteemed Prime Minister who has donated Rs. 1 lakh from the National Relief Fund to the cyclone-affected areas of North Balasore. The Orissa Government had stated that the cyclone of last September was mild to medium. I had written a letter to our great Prime Minister giving the facts. She had her reports from other sources also. Immediately she sent Rs. 1 lakh.

I must impress upon you that this is not a small thing which can be brushed aside in an inappropriate manner. It concerns the whole country. We have to think how all these mighty rivers can be controlled; we have to think how underground water can be utilised for the agricultural development of our country. If these things are done, I am sure the economy would speed up and there will be a regeneration in the economy of our country.

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधेपुरा) : सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। बहुत सी बातें यहां पर बाढ़ और सुखे के सम्बन्ध में कही गई हैं। हिन्दुस्तान इस मामले में बदकिस्मत है जो देश के किसी हिस्से में या तो सूखा पड़ता है या बाढ़ आती है। मैं बिहार के जिस भूभाग से आता हूं, वह इस मामले में सबसे बदकिस्मत है, वहां हर साल या तो बाढ़ आती है या सूखा पड़ता है, लेकिन इस साल तो बाढ़ ने एक दूसरा ही नक्शा दिखाया है। जिन जिलों में इससे पहले कभी बाढ़ नहीं आती थी, इस साल उन जिलों में बाढ़ आई है। कहने के लिये तो यह कहा जाता है कि यह प्राकृतिक प्रकोप है, लेकिन पता नहीं इस दिशा में हमारी सरकार और वैज्ञानिक क्या कर रहे हैं? यदि सारी नदियों को एक साथ मिला दिया जाय तो मैं समझता हूं कि जो प्रकोप हर साल आया करता है, उसको रोका जा सकता है। इसके बारे में हमारे मंत्री महोदय ने भी कहा है कि वे इसके बारे में विचार कर रहे हैं। खुशकिस्मती से हमारी प्रधान मंत्री जी भी उन दिनों वहां गई थी और उन्होंने अपनी आंखों से स्वयं बिहार की स्थिति को देखा था।

पिछले साल की बाढ़ से पटना बहुत ज्यादा प्रभावित था, बहुत ज्यादा नुकसान हुआ था। तब वहां के आस-पास के जो

[श्री राजेन्द्र प्रकाश यादव]

लोग थे, आस-पास के जिलों के जो लोग थे, उन्होंने सद्भावना के तौर पर दुःख प्रकट करते हुए अपने यहां दशहरे का त्योहार नहीं मनाया था । लेकिन इस साल जब कि बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में बाढ़ का प्रकोप था पटना में दशहरे का त्योहार बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, लाखों रुपया उस पर खर्च किया गया । कहने को तो यह लगता है कि लोकल-ऐरेंजमेंट था, लेकिन यह चीज वहां के लोगों के एटीच्यूड को रिफ्लैक्ट करती है । यदि इस भावनासे लोग चलेंगे तो न वह प्रदेश आगे बढ़ेगा और न यह देश बढ़ पायेगा ।

अन्त में मैं आपसे यही आग्रह करना चाहूंगा कि इस समस्या पर गम्भीरता से विचार किया जाय और भारत सरकार एक इन्टीग्रेटेड प्लान बनाये ताकि आईन्दा आने वाले बरसों में बाढ़ पर पूरा नियंत्रण किया जा सके ।

SHRI P. GANGADEB (Angul): The drought havoc in Orissa this year has been so severe that the western districts are groaning in an atmosphere of sorrow and helplessness. I know, the Orissa Government have approched the Centre for adequate solution, but the fact is that the Union Government's quick action in the matter is badly wanted. Delay in action will not help matters. In fact, it will defeat the very purpose which is sought for. In other words before the end of the winter season, the help should reach at all the grass root levels in the State. Orissa is one of the most underdeveloped states in India with perhaps the lowest per capita income in the whole of this country. The irony of the situation is that Orissa is endowed with rich natural resourcese and yet the state is in the lowest rung of the ladder of economic growth and progress. While its growth is gather meagre in terms of millions of people in that state, there are the forces of nature quite against us. Quite often we are facing floods or drought or both, practically every year. In this situation, shall we put all the blame on nature, say like weather, monsoon or soil all of which go under the term of ecology, and raise our hands and say: we can do nothing. Or, shall we defy the forces of nature and usher in an era of plenty and prosperity, as the Israelis have done where no trace of water could be found a few years back. I am sure our Government knows better what to do in the present situation to solve the problem. It is high time that an impartial enquiry committee is established to go into the human and natural assets of the State and chalk out a balanced plan in consultation with the State of Orissa. The Committee should ensure not only the development of the resources but also distribution of justice. I hope the Union Government will agree to my suggestion and work on it without any loss of time.

MR. CHAIRMAN : I hope now there no more Members to speak. I call on the hon. Minister. I thank hon. Members for taking just five minutes; only because of that I was able to finish the list of about 47 Members.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SHAHNAWAZ KHAN): Mr. Chairman, I am very grateful to the hon. Members who have taken part in this debate. The fact that 47 hon. Members have spoken and taken part speaks volumes about the interest that they are taking in the very vital problem of floods and drought in the country.

May I also compliment you for the excellent manner in which you have given a chance to every Member? You have accommodated each and every Member and I really feel sorry that one Member felt aggreived and I think he will get over this.

Sir, the hon. Members have spoken with great feeling and expressed sorrow on what has happened in different parts of the country. I have taken a note of every suggestion that has been made by the hon. Members. Although I would not be in a position to reply to every individual suggestion here, I assure all the Hon. Members that whatever valuable suggestions they made will be received with the utmost consideration of our Ministry.

Sir, the question is about the floods. It is one of the most important national problems of the country. As early as 1954, our revered late Pt. Jawaharlal Nehru had taken up this question in a very serious manner as to how to deal with this problem. During the period that our Government has been in existence, we have done a considerable amount of work in controlling the floods. Numerous dams have been constructed all over the country—whether it is the Bakra Dam or the Sharda Sahayak Dam or any other dam in the South, huge dams have been constructed in many parts of our country. Those dams are now yielding rich dividends. We are fully aware that there is yet a great deal to be done. The problem is immense. Its magnitude is also fully realised by the country and that is why the Ganga-Flood Control Commission, the Brahmaputra Flood Control Commission and now the National Commission on Floods under the Chairmanship of Shri Hathi have been set up. This shows the great importance that is being attached to this very vital problem. The House is fully aware of our difficulties, our inabilities to undertake the work to the extent that we want. Everybody knows the reason for it. Huge amounts are involved in the construction of these dams and we have to construct them within the resources available in the country. We are doing everything possible to control the floods. There have been many problems in the past. There have been inter-State disputes regarding the rivers. My senior colleague, Shri Jagjivan Ram, in his usual thorough manner has taken up this problem and he has settled all these inter-State river disputes and I hope whatever we have not been able to do in the past, we will now be able to complete them as early as possible.

Sir, this year, the floods had done considerable amount of damage in various parts of this country, mainly in UP, Rajasthan, Bihar, parts of Orissa and Assam. I will not waste the time of the House in giving statistics. But the damage has been considerable. Approximately 83 lakhs hectares of land have so far been reported to have been affected. Naturally the crops in those areas also have been affected. Nearly 12 lakhs of houses have either been damaged or have collapsed. The estimated value of the houses damaged is Rs. 48 crores. We have listened to the hon. members who have given their version of the damages done in their own States and the central assistance required by them. But, our limitation is the limitation of finance. The demands that have been received from the various States are of the order of Rs. 450 crores, which is a huge amount. Hon. members are aware that the sixth Finance Commission has now laid down a policy that a certain margin money is allowed to each State. Some hon. members from U.P. complained that their State had not been treated fairly in the allocation of margin money. The procedure which had been adopted was that the average of the amount spent on flood relief works in the last 15 years from 1956-57 to 1971-72 was taken and the margin money was fixed in relation to that average. So, I can assure the hon. members from U.P. that there is no ill-will or discrimination against U.P. This is the formula we have adopted.

The Central teams have visited most of the affected areas. As soon as they are affected, the State Governments

[Shri Shahnawaz Khan]

send their memorandum to the Centre. As soon as the memorandum is received the central teams go and visit those States and make their recommendations to the high-levelled Committee and the funds are then released. But without waiting for any assistance from the Centre, with the margin money available with the States, they can undertake relief operations straight way. One hon. member referred to bottlenecks, etc. As I said, the margin money is available with the States and they can straight way undertake these works. For further relief, advance assistance is given from the plan allocation. The Centre has now no extra funds to allocate to any State for natural calamities besides what the sixth Finance Commission had decided. It is this procedure that we are following.

Now I come to drought. Due to irregular and irrational rains, many States have been affected by drought. We have listened to all the hon. members who described the conditions prevailing in those States. It is true that due to late onset of monsoon and the long spell of drought in between, certain areas have been affected by drought. But, only recently, we held a conference with all the Chief Ministers and I am glad to inform the House that the overall situation is not as alarming as it has been made out here. I admit that in certain areas of Karnataka and Kerala there has been less rain than the normal but in most of other places, rains have been fairly normal and the Chief Ministers, while giving assessment of the prospect of the kharif season, have assured us that although the crop may not be as good as last year's bumper crop, all-time record crop, the overall position in the country is satisfactory. I can assure the House and through the House the country that in spite of the alarming situation that has been painted here, we have sufficient stock to deal with any situation and in all the States we have surplus stocks. Everywhere our godowns are full and we are confident that we can deal with any situation. The position is that offtake from our central distribution system has declined and there is less pressure because of easy availability of foodgrains in the market. The demand on the public distribution system has been declining. I can say that there is no alarming situation or any apprehension on this account in the country.

The drought, of course, has become a part of our life. Certain areas have been drought-prone areas for centuries. Our efforts is to see that the dependence on rain is minimised as much as possible. We have taken in hand, at present, almost in every State of the country drought-prone area projects in 74 districts and we are going to spend about Rs. 180 crores from the Centre with a matching grant from the States and loans from the banks. Our main efforts in those areas is to provide water, find out how we can increase the irrigation potential. You will be glad to know that in certain areas like Rayalaseema which were drought-prone areas and where it was not possible to bore tubewells, our drought operations have been going on and with the assistance of some friendly countries we have bored through granite rocks and gone below it and found plenty of water in those areas. We are going to exploit that. In areas like Sikar in Rajasthan which was predominately a drought-prone area, we have bored deep and found huge reserves of underground water.

It will be our endeavour to ensure that all the water that is available under the ground is also fully utilized. Also, it will be our effort to impound all the surplus water and than use it at a time when there is scarcity of water throughout the country. Certain types of rigs are being manufactured in the country. Certain other types of rigs which bore

through hard rocks, are not yet being manufactured in the country; but efforts are being made to produce them in the country; we are producing a certain number of tungsten-tipped rigs in the country. We are also trying to produce diamond-pointed rigs which can bore through the hardest of rocks. I admit that we have not yet achieved self-sufficiency. But we will contnue to try to explore for water including that which is underground and also to make use of every drop of water that can be impounded, either in the dams or tanks or *bandhs*. That is the direction in which we are going; and the Government is paying great and special attention to the development of water resources.

For the 5th five-year plan, the target set by our Prime Minister is 5 million hectares of land, to be irrigated through major and medium irrigation; and another 6 million hectares to be irrigated through minor irrigation. We hope that at least 10 million hectares of land would be irrigated during this Plan. That is the pace at which we would like to go.

The drought-prone area projects in 74 districts have been going on. I had an opportunity of visiting those areas. I have visited the Kolar area in Karnataka, where excellent work is being done on sericulture i.e. on the development of silk worm and production of silk. Similarly, we are locating different areas to find out what can be done in those areas to bring prosperity to those people; and like the development of sericulture, we are trying to develop shellac in the Ranchi area. Similarly in all other areas we are doing whatever we can, to make sure that those drought-prone areas which had been neglected so far, do receive the attention that is required for them. The relief and rescue operations that have been taken, have been mentioned by the hon. Members. I would also like to add my word of praise for the excellent work done. I would like to pay tribute to our Defence Services—whether they are of the Indian Air Force or of the Army—for the excellent work done and for the great sense of devotion to duty which they have shown in performing this humanitarian work. I would also like to pay a tribute to the various State officials and State agencies who had mobilized so many country-boats and ensured that the relief stores were sent to areas which were almost unapproachable.

I am very grateful to my hon. friend Dr. K. L. Rao who is an expert and an authority on irrigation, and on control of floods. He has made very useful suggestions and given very-well-thought-out proposals. We will naturally give, due weight to those suggestions and we will try and implement them as much as we can.

There have been some allegations that the funds that are allotted for such relief works are squandered away or they are not properly utilised. Certain instances have been mentioned; certain individual cases have been mentioned. I can assure the hon. Members, particularly my friend from Sitamarhi, that we will look into that matter and do whatever is possible to take remedial steps. But the control on finances naturally from the Centre is given to the States. The State Governments are responsible for exercising proper vigilance over the funds that are spent there.

I entirely agree with my friend from Rajasthan who has spoken so vehemently and with such a great feeling on the early completion of the Rajasthan Canal. It is one of our most important projects in the country and a great deal of our hopes to achieve self-sufficiency in food depends on the early completion of the Rajasthan Canal. We sincerely hope that the State Government will

[Shri Shahnawaz Khan]

do everything possible to complete it as early as it can. The Centre will naturally help to the maximum extent possible.

SHRI K. SURYANARAYANA: Also the early completion of the Godavari project.

SHRI SHAHNAWAZ KHAN: There are many projects. We would very much like the early completion of these projects because on them depends the future welfare and prosperity of the country.

I would like to inform the House that this year we have stopped all imports of foodgrains. We sincerely hope that a situation will not arise when we have to import foodgrains. In spite of all the floods and droughts, we hope that we will still be able to produce enough foodgrains in the country.

May I once again thank all the hon. Members who have participated in this debate. So many suggestions have been made. As I said in the beginning, I will not be able to answer every point that has been made here. We will give every consideration to all your suggestions. My hon. friend, Shri Mohapatra, with his usual flair told us to take full advantage of the space research and the advances made in the field of space research. I fully agree with him. We will try to take the maximum benefit out of that.

SHRI ARJUN SETHI: What about sending Central teams to the affected States so that they can make an on-the-spot assessment and give their report?

SHRI SHAHNAWAZ KHAN: The affected States first send memoranda to us. As soon as the memoranda are received, the Central teams are sent to those States. They make an on-the-spot assessment and give a report. My friend, Shri Daga, felt that there was no need to send any Central team because the State Governments are quite competent to send their reports. Anyhow, when we receive the memoranda from the States, we shall send Central teams there.

सभापति महोदय : बाढ़ और सुखाड़ पर बहस समाप्त होती है और सदन अनिश्चित काल के लिये स्थगित किया जाता है ।

The House stands adjourned *sine die*.

19.30 hrs.

The Lok Sabha adjourned sine die.

GMGIPND—L—2114 L S—15-11-76—